
# World Cup 2019: गावस्कर ने कहा, अगर धोनी पहले बैटिंग करने आते तो हालात कुछ और होते...

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**नई दिल्ली.** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विश्व कप में भारत की सेमीफाइनल की हार के बाद टीम की स्ट्रेटजी पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल मुकाबले में जब भारत ने शुरुआती तीन विकेट सस्ते में गंवा दिए थे, तब महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी के लिए 'ऊपर' आना चाहिए था. सुनील गावस्कर ने हमेशा भारतीय बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की वकालत की है, जो हालात के अनुरूप होनी चाहिए. हालांकि, न्यूजीलैंड के हाथों मिली 18 रनों की हार वाले मैच मे जो हुआ, उससे वह काफी खफा हैं.

सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान कहा कि जब भारत ने अपने तीन टॉप बल्लेबाजों के विकेट सस्ते में गंवा दिए थे, तब हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत बल्लेबाजी कर रहे थे. दोनों मिजाज के लिहाज से एक जैसे बल्लेबाज हैं. उनकी जगह एक छोर पर धोनी को होना चाहिए था, जो पंत को संयमित रहने की सलाह दे सकते थे. आखिरकार पंत एक खराब शॉट खेलकर आउट हुए, जो भारत के लिए बाद में काफी महंगा साबित हुआ.




सुनील गावस्कर ने कहा, 'जब हमने 24 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे, तब पंत और पांड्या विकेट पर थे. दोनों एक ही मिजाज के खिलाड़ी हैं. दोनों आक्रामक हैं. वहां तो धोनी जैसा अनुभवी और संयमित बल्लेबाज एक छोर पर होना चाहिए था, जो इनमें से किसी एक को संयमित रहकर खेलने की सलाह देता. आखिरकार दोनों बल्लेबाज गैरजिम्मेदाराना तरीके से आउट हुए और यही भारत को भारी पड़ गया.'

सुनील गावस्कर के मुताबिक धोनी अपने साथियों की मनोदशा को समझते हैं और यही कारण था कि वह पंत या फिर पांड्या को सही तरीके से समझाकर विकेट पर बने रहने के लिए प्रेरित कर सकते थे.

बकौल गावस्कर, 'वह (धोनी) अगर विकेट पर होते तो वह पंत को समझा सकते थे, जो काफी उतावले नजर आ रहे थे. कप्तान ने अहम मुकाम पर दो ऐसे खिलाड़ियों को भेज दिया, जिनके खेलने का तरीका 'मारो बस मारो' है. उस वक्त गेंद काफी अनियमित खेल रही थी और ऐसे में विकेट पर बने रहते हुए हालात के हिसाब से खेलने की जरूरत थी. आपको ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत थी, जो विकेट पर ठहर कर खेल सकता था.'

हालात के विपरीत विराट कोहली ने उस मैच में धोनी को नंबर-7 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा था. पूरे टूर्नामेंट में धोनी इतना %नीचे% नहीं खेले थे. इसे लेकर कोहली का अपना अलग मत था. कोहली ने मैच के बाद कहा था, 'धोनी ने हालात के हिसाब से अपनी भूमिका के साथ न्याय किया. हमने उन्हें इसीलिए विकेट पर काफी देरी से भेजा था. हम चाहते थे कि वह अंत तक विकेट पर रहें और जब छह या सात ओवर रह जाएं तो हालात के हिसाब से बल्लेबाज करें. हमारी रणनीति फ्लॉप रही क्योंकि वह रन आउट हो गए.'

# क्रिकेट खेलते समय बैट्समैन के गर्दन पर लगी गेंद, अस्पताल में हुई मौत



**श्रीनगर.** जम्मू और कश्मीर में क्रिकेट खेल रहे एक युवक की गर्दन में गेंद लगने के चलते मौत हो गई है. मामला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग का है. मृतक क्रिकेटर की पहचान 18 वर्षीय जहांगीर अहमद वार के रूप में हुई है. वहीं, इस घटना पर दुख जताते हुए जम्मू और कश ?मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने मृतक क्रिकेटर के परिजनों को 5 लाख रुपए की मदद राशि देने की घोषणा की है. दूसरी तरफ, स्थानीय पुलिस ने इस घटना के बाबत मामला दर्ज कर अपनी तफ्तीश शुरू कर दी है.

जम्मू और कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग के नानिल क्षेत्र में यूथ सेरविसिस एंड स्पोर्ट्स द्वारा जिला टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें, गुरुवार को बडगाम और बारामूला के बीच क्रिकेट मैच चल रहा था. जहांगीर अहमद वार बारामूल जिले की क्रिकेट टीम में शामिल था. उन्होंने बताया कि दाएं हाथ के बल्लेबाज जहांगीर अहमद वार बैटिंग क्रीज पर थे. बैटिंग के दौरान, गेंद उछल कर उनके गर्दन पर लगी. गेंद लगते ही जहांगीर मौके पर बेहोश होकर गिर पड़े. मौके पर मौजूद लोगों ने तत ?काल जहांगीर को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया. जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया. जम्मू और कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जहांगीर ने खेल के लिए ज़रूरी हेलमेट और सभी आवश्यक चीज़ों से लैस थे. बावजूद इसके, गेंद हैम्लेट के बीच से निकल कर गर्दन पर जा लगी. उन्होंने बताया कि अनंतनाग पुलिस ने इस घटना के बाबत मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है. उल्लेखनीय है कि मृतक क्रिकेटर जहांगीर बारामूला के गोशबाग पट्टन स्थित गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 11 वीं कक्षा का छात्र था. वहीं, सेकट्री यूथ सेरविसिस एंड स्पोर्ट्स सरमद हफीज ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया है. एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# सितारों के चेहरों पर साफ झलक रही हार की हताशा, होटल छोड़ते वक्त विराट-अनुष्का भी दिखे उदास



**नई दिल्ली.** आईसीसी विश्व कप-2019 (World Cup 2019) के सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से अप्रत्याशित हार के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी काफी उदास नजर आ रहे हैं. गुरुवार को मैनचेस्टर में होटल से निकलते समय टीम के कप्तान विराट कोहली (Virat Kohli) के चेहरे पर किसी तरह की मुस्कुराहट नहीं दिखी. इस दौरान कोहली के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस पत्नी अनुष्का शर्मा (Anushka Sharma) भी नजर आईं.

भारत का आईसीसी विश्व कप-2019 से बाहर जाना सभी के लिए हैरानी वाली बात थी. इस बात की उम्मीद किसी ने नहीं की थी. कम से कम भारतीय टीम को देखकर तो ऐसा ही लगता है. इस अप्रत्याशित हार के बाद भारतीय टीम मैनचेस्टर में ही फंस गई है और टीम यहां रविवार तक रहेगी.टीम के लिए वापसी के टिकट बुक कर लिए हैं और कई खिलाड़ी 14 जुलाई तक मैनचेस्टर में ही रहेंगे और इसके बाद यहां से निकलेंगे. कल हार के बाद टीम के वापसी के टिकट बुक कर लिए गए हैं.इसी बीच, मैनचेस्टर में होटल से निकलते वक्त विराट कोहली अपने मोबाइल फोन में बिजी दिखाई दिए और अनुष्का शर्मा उनके पीछे-पीछे चलते दिखीं.

भारत को अब विश्व कप के बाद वेस्टइंडीज का दौरा करना है और इस दौरे पर कप्तान विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है. यह दोनों हालांकि टेस्ट सीरीज के लिए टीम में लौट आएंगे.भारत को बुधवार को आईसीसी विश्व कप-2019 के पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा था. एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# माइकल वॉन ने उड़ाई ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की खिल्ली, तो जवाब देने आए 'गिल्ली'

**इंग्लैंड ने आईसीसी विश्व कप (ICC World Cup 2019) के सेमीफाइनल मुकाबले में जैसे-जैसे शिकंजा कसना शुरू किया, वैसे-वैसे दोनों टीमों के पूर्व खिलाड़ी भी उलझते नजर आए.**

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**नई दिल्ली.** आईसीसी विश्व कप (ICC World Cup 2019) के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में गुरुवार को इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से करारी मात देकर 27 साल बाद क्रिकेट वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बनाई है. लेकिन मैच के दौरान ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दो पूर्व कप्तान ट्विटर पर आपस में भिड़ गए. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन (Michael Vaughan) और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट (Adam Gilchrist) के बीच हुई इस तीखी बहस में दोनों ने एक दूसरे को जमकर खींचा. इस बहस की शुरुआत माइकल वॉन के एक ट्वीट से हुई, इस ट्वीट में वॉन ने ऑस्ट्रेलियाई बॉलिंग अटैक पर तंज कसते हुए उन्हें नंगे पांव गेंदबाजी करने की सलाह दे डाली.

जिसका गिलक्रिस्ट ने तीखा जवाब देते हुए उन्हें इडियट





(Idiot) तक कह दिया, इसके बाद भी माइकल वॉन चुप नहीं हुए, उन्होंने एक और उन्होंने एक और ट्वीट कर ऑस्ट्रेलियाई टीम की खिल्ली उड़ाई.

वॉन ने दूसरे अटैक का गिल्ली ने भी खूब जवाब दिया.ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय द्वारा अंपायर से बहस करने को लेकर मिली सजा पर तंज कसते हुए कहा, 'वेरी गुड कैप्टन (माइकल वॉन), मैं आशा करता हूं संडे को आप ओपनिंग करने के लिए उपलब्ध होंगे, क्योंकि जेसन रॉय नहीं खेल पाएंगे.'

बता दें कि माइकल वॉन ट्विटर पर काफी सक्रिय हैं. वे भारतीय खिलाड़ियों से भी उलझते रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट के दो सबसे बड़े धुर विरोधी हैं. इन टीमों का सेमीफाइनल मुकाबला 'मिनी एशेज' कहा जा रहा था और मुकाबला भी कुछ ऐसा ही हुआ. इंग्लैंड ने मैच में तूफानी शुरुआत की और ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट पर 15 रन के भीतर झटक लिए. ऑस्ट्रेलिया इन झटकों से अंत तक नहीं उबर सका और 223 रन बनाकर ऑलआउट हो गया. जवाब में इंग्लैंड की टीम ने इस लक्ष्य को 32.1 ओवरों में 2 विकेट पर ही हासिल कर लिया.